डी—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 39] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 26, 1981 (आश्विन 4, 1903)

No. 39] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 26, 1981 (ASVINA 4, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate pagination is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	643
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1227
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1319
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	1977
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	3033
भाग II—खंड 3-(iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	569
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	353
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	11183
भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	499
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	109
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2517
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	187
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु आदि के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	643
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	1227
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	5
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1319
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION I-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committees on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1977
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3033
PART II—SECTION 3(iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in section 3 or section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	353
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	11183
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	499
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	109
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2517
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	187
PART V.—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi	

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 सितम्बर 1981

सं. 63-प्रेज/81—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

60593 प्रशिक्षार्थी श्री त्सोरिंग, (मरणोपरांत)
छिओमफेल,
तिब्बती नई बस्ती,
मकान नं. 13, कैंप नं. 4, पैमागांग,
डाकघर बाइलाकुप्पे,
कर्नाटक।

7 अप्रैल, 1980 को प्रशिक्षार्थी श्री त्सोरिंग छिओमफेल, इस्टैब्लिशमेंट के मेकेनिकल ट्रांसपोर्ट पार्क में काम कर रहे थे। बटालियन लाइन्स के पास रहने वाले हैडक्वार्टर्स में काम करने वाले सिविलियन्स् के कुछ बच्चे सड़क पर खेल रहे थे। उनमें से दीपक नाम का एक लड़का फिसल गया और पहाड़ी की ढलान में लुढ़कता हुए एक झाड़ी में जा अटका। श्री छिओमफेल ने बच्चे को गिरते हुए देखा, वे दौड़कर उस स्थान पर गए और बच्चे को ऊपर खींच लिया, परन्तु ऐसा करते हुए वे स्वयं अपना संतुलन खो बैठे और लगभग 92 मीटर सीधे नीचे जा गिरे और तत्काल उनकी मृत्यु हो गई।

श्री त्सोरिंग छिओमफेल ने अपनी जान के लिए भारी खतरे की परवाह न करते हुए परिस्थिति के अनुसार बच्चे की जान बचा कर साहस एवं तत्परता का परिचय दिया।

सं. 64-प्रेज/81—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. 9082282 राइफलमैन तीरथ सिंह,
11 जाक लाइट इन्फैन्टरी,
द्वारा 99 ए पी ओ।

21 जुलाई, 1979 को इन्फैन्टरी ब्रिगेड की एक टन भारी गाड़ी जम्मू व कश्मीर में नागली की तरफ दुरंगली नाली पार कर रही थी। अचानक तूफान आने से यह गाड़ी अपनी मार्ग छोड़ कर तेजी से बहते हुए पानी में गिर गयी। परिणामस्वरूप; गाड़ी में बैठे हुए व्यक्ति तथा उसमें रखा हुआ कीमती उपस्कर तेजी से बहने लगा।

राइफलमैन तीरथ सिंह उस समय सालाना छुट्टी पर थे और अपने मकान की छत पर बैठे हुए थे। जब उन्होंने यह देखा कि गाड़ी तेजी से बहती जा रही है तो वे दौड़कर घटनास्थल पर आये और विपदाग्रस्त कार्मिकों की मदद के लिए उमड़ते नाले में कूद पड़े। इस तरह उन्होंने गाड़ी में बैठे दो व्यक्तियों को बचा लिया हालांकि वह स्वयं जख्मी हो गये। अपनी चोटों की परवाह न करते हुए उन्होंने बहते हुए अधिकांश कीमती उपस्कर को भी बहने से बचा लिया।

राइफलमैन तीरथ सिंह ने दो व्यक्तियों की जान बचाने के अतिरिक्त कीमती उपस्कर बचाने में साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री बाथिना भूमनन्दम,
दरवाजा नं. 12/402, रुस्तम बाड़ा,
मछलीपट्टनम, कृष्णा ज़िला,
आंध्र प्रदेश।

19 मई, 1978 को रुस्तम बाड़ा, वार्ड नं. 12, बांदर टाउन, कृष्णा ज़िले में एक गंभीर आग दुर्घटना हुई जिसमें 23 मकान जल गए और 6 वर्ष की एक बालिका की जल कर मृत्यु हो गई। श्री बाथिना भूमनन्दम चारों ओर से आग द्वारा घिरे हुए मकान में घुस गए और अकेले ही एक गर्भवती महिला, दो वृद्ध व्यक्तियों तथा पांच बच्चों को आग से बचाने में सफल हो गए।

श्री बाथिना भूमनन्दम ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए जलते हुए मकान में से 8 व्यक्तियों की बचाने में साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

3. श्री चिरयिलवलेल थामस जैकब,
केलाचन्द्र, वेलियपरम्बिल वीडू,
चिंगवनम, कोट्टयम ज़िला,
केरल।

7 दिसम्बर, 1978 को दोपहर बाद लगभग 1.30 बजे एम. टी. सेमिनरी हाई स्कूल की दो छात्राएं, कुमारी ललिता (16 वर्ष) और कुमार गिगी जार्ज (13 वर्ष) खाना खाने के बाद अपने हाथ तथा बर्तन धोने के लिए नागमपदम के पास मीनाचिल नदी के तट पर गईं। हाथ धोते समय कुमारी गिगी जार्ज अचानक फिसल कर नदी में गिर पड़ी और डूबने लगी। यह देखकर किनारे पर मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। कुमारी ललिता ने, जो कुमारी जार्ज के साथ गई थी, अपने साथी को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी परन्तु वह सफल न हो सकी और दोनों डूबने की स्थिति में थीं। श्री चिरयिलवलेल थामस जैकब ने, जो उस समय पास वाले कम्पाउंड में थे, शोर को सुना और तुरन्त नदी की ओर दौड़े। वे नदी में कूद पड़े, उन्होंने पहले कुमारी ललिता की और फिर कुमारी जार्ज को डूबने से बचा लिया।

श्री चिरयिलवलेल थामस जैकब ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए दो लड़कियों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

4. कुमारी लिजी आंगस्टिन,
तिमुरियिल वीडू (पुथेन वीडिल),
वार्ड नं. 14, पलाई,
कोट्टयम ज़िला,
केरल।

2 नवम्बर, 1978 को कुमारी मीमा जार्ज (5 वर्ष) और आंजी जोसेफ (6 वर्ष) नामक दो बालिकाएं अपनी माताओं के साथ पलाई में लालम चैनल के एक घाट पर नहा रही थीं। नहाते समय, सीमा जार्ज अकस्मात फिसल गई और पानी की तेज धारा उसे गहरे पानी की ओर बहा ले गई और वह अपने जीवन के लिए संघर्ष करने लगी। इस घटना को देखकर दूसरी बालिका आंजी जोसेफ भी अपनी सहेली को बचाने के लिए गहरे पानी में कूद पड़ी। वह इस कार्य में सफल नहीं हुई और दोनों बालिकाएं डूबने की स्थिति में थीं। उनकी माताएं भी उनके पीछे नहर में कूद पड़ीं, किन्तु अपने बच्चों को बचाने के लिए कुछ न कर सकीं और उन्हें स्वयं भी डूबने का खतरा पैदा हो गया, क्योंकि उन्हें तैरना नहीं आता था। कुमारी लिजी ओगस्टिन ने, जो उस समय नहर में नहा रहीं थीं, इस घटना को देखा और गहरे पानी में कूद पड़ीं और तैर कर बच्चों की तरफ गईं। उन्होंने बच्चों को पकड़ लिया और उन्हें किनारे पर ले आईं। इसके बाद उन्होंने तौलिया फैंक कर, जिसका एक छोर उन्होंने खुद पकड़ रखा था, महिलाओं में से एक को बचा लिया। नहर के दूसरे वाले किनारे पर उगे हुए एक पौधे को पकड़े हुए दूसरी महिला की उस समय तेज धारा के कारण पकड़ ढीली पड़ गई और वह पानी के साथ बहने लगी। कुमारी लिजी फिर चैनल में कूद पड़ीं और उस महिला को सुरक्षित किनारे पर ले आयीं।

कुमारी लिजी ओगस्टिन ने स्वयं अपने जीवन को होने वाले खतरे की परवाह न करते हुए चार प्राणों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

5. श्री गोविन्द भगवान सावंत, (मरणोपरांत)
ग्राम तथा पोस्ट अकोट,
जिला अकोला,
महाराष्ट्र।

6 अप्रैल, 1980 की रात को 8.00 बजे श्रीमती बसन्ती बाई (37 वर्ष) पानी लेने के लिए कुएं पर गईं। पानी निकालते समय वह अचानक फिसल कर कुएं में गईं। उनका पति भी घटनास्थल पर पहुंच गया और उन्हें बचाने के लिए रस्सी की सहायता से वह कुएं में उतर गया। श्रीमती बसन्ती बाई और और उनके पति की सहायता करने के लिए श्री गोविंद भगवान सावंत भी कुएं में उतर गये और उन्होंने रस्सी की सहायता से बाहर निकालने में उनकी मदद की। इसके बाद वे स्वयं कुएं से बाहर आ रहे थे और बाहर निकलने के लिए उन्होंने लोहे की वह छड़ पकड़ी जिस पर रस्सी टिकी हुई थी। छड़ से उनका हाथ फिसल गया और श्री सावंत कुएं में गिर गये। उसके सिर में चोट लगी और कुएं में ही उनकी दुःखद मृत्यु हो गई।

श्री गोविन्द भगवान सावंत ने स्वयं अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए रात के समय कुएं में से दो व्यक्तियों की जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया।

6. कुमार जयदेव दिनकर कुबाल,
मोचेमाड़ गावंभाड़ वाड़ी,
तालुक वेंगुरला,
जिला रत्नागिरि,
महाराष्ट्र।

2 नवम्बर, 1979 को कुमारी पूनम अर्जुन पलव (12 वर्ष), वसन्तला शिवराम पालव (1? वर्ष) और ललिता अंकुश पड़ते (19 वर्ष) नामक तीन लड़कियां नहाने के लिए समुद्र पर गई हुई थीं। नहाते समय वे समुद्र की तेज लहरों के साथ बह गईं और डूबने लगीं। यह देखकर श्री एम संतोष सावंतकर (12 वर्ष) ने कुमार जयदेव दिनकर कुबाल को घटना से सूचित किया। कुमार कुबाल तत्काल समुद्र में कूद पड़े, और तैर कर कुमारी वसन्तला पलव को अर्द्धचेतन अवस्था में तट पर ले आए। वे फिर समुद्र में कूद पड़े और कुमारी ललिता पड़ते को पूर्ण अचेतन अवस्था में किनारे पर ले आए। तीसरी लड़की को बचाया नहीं जा सका क्योंकि वह दिखाई नहीं दी। प्राथमिक चिकित्सा देने पर दोनों लड़कियां होश में आ गईं।

कुमार जयदेव दिनकर कुबाल ने स्वयं अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए दो लड़कियों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

7. एस. गुरदीप सिंह, (मरणोपरांत)
बस्ती नाऊ,
संध्य कालेज के निकट,
जालंधर शहर,
पंजाब।

25 जून, 1979 को एस. गुरदीप सिंह के पिता अपने मकान में एक दीवार बना रहे थे। उनकी पुत्री, कुमारी रानी (13 वर्ष) आवश्यक सामग्री देने में उनकी सहायता कर रही थी। कुमारी रानी मकान के आंगन में लोहे की एक लम्बी छड़ ले जा रही थी और असामान्य लंबाई और भार के कारण यह छड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और फलस्वरूप नजदीक ही बिजली के एक चालू तार को छू गई और कुमारी रानी को बिजली का झटका लगा। उस समय नजदीक ही खड़े एस. गुरदीप सिंह अपनी बहन को बचाने के लिए तत्काल दौड़ पड़े और अपने नंगे हाथों से बिजली के करंट को अलग कर दिया किन्तु इस कार्य में बिजली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

एस. गुरदीप सिंह ने अपने जीवन का दांव लेकर अपनी बहन का जीवन बचाने में साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

8. कुमारी दीपेन्द्र कौर,
द्वारा कर्नल मोहिन्दर सिंह,
सी-2, ओ. एफ. एफ. डी., पूर्वी रायपुर,
देहरादून,
उत्तर प्रदेश।

2 जून, 1978 को कुछ महिलाएं और बच्चे रायपुर, देहरादून, स्थित ऑर्डनेन्स सीनियर क्लब के तरण ताल में तैरने का आनन्द ले रहे थे। कुमारी दीपेन्द्र कौर तैरने के बाद किनारे पर आराम कर रही थीं। उसी समय कुमारी शोभा नाम की दूसरी बालिका ने कुमारी वोहरा की सहायता के लिए चिल्लाते हुए देखा। कुमारी दीपेन्द्र कौर ने सोचा कि कुमारी वोहरा उल्टा होकर तैरने का प्रयत्न कर रही थी और अपने तैरने के ढंग की ओर दूसरों का ध्यान आकर्षित करने के लिए चिल्ला रही थी। लेकिन कुछ समय बाद कुमारी कौर समझ गई कि कुमारी वोहरा डूबने की स्थिति में चिल्लाते हुए गहरे पानी की तरफ बहती जा रही थी और उसके केवल बाल ही दिखाई दे रहे थे। अच्छी तैराक न होने के बावजूद, कुमारी कौर पानी में कूद पड़ी और तैरकर उसने डूबती हुई बालिका को पकड़ लिया। किन्तु तभी कुमारी वोहरा ने अपने रक्षक को कसकर पकड़ लिया जिससे दोनों के लिए खतरा पैदा हो गया। लेकिन किसी प्रकार, कुमारी कौर कुमारी वोहरा को घसीट कर किनारे पर ले आईं। कुमारी वोहरा को बचाने के प्रयास में कुमारी कौर की टांग की हड्डी टूट गई और उसे अस्पताल दाखिल करना पड़ा।

कुमारी दीपेन्द्र कौर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कुमारी वोहरा को डूबने से बचाने में साहस, सूझबूझ और तत्परता का परिचय दिया।

9. श्री सुरजीत सिंह,
गांव तरवाड़ी,
पट्टी भरदार,
जिला टिहरी गढ़वाल,
उत्तर प्रदेश।

11 मई, 1979 को राजकीय इंटर कालेज, रुद्रप्रयाग, का एक छात्र श्री बलवन्त सिंह, अपने मित्रों के साथ मंदाकिनी नदी के पुल से ऊपर की ओर स्नान कर रहा था। अचानक वह फिसलकर गहरे पानी में गिर पड़ा और नदी की तेज धारा उसे लगभग 200 मीटर तक बहा कर ले गई। श्री सुरजीत सिंह नदी में कूद पड़े और उन्होंने श्री बलवन्त सिंह को डूबने से बचा लिया।

श्री सुरजीत सिंह ने अपनी जान की परवाह किये बिना, श्री बलवन्त सिंह का जीवन बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

10. श्री खांगा मिचिचि,
गांव और डाकखाना तेजू,
जिला लोहित,
अरुणाचल प्रदेश।

3 अक्तूबर, 1979 से लगभग एक पखवाड़े तक लोहित जिले में अभूतपूर्व बाढ़ आई हुई थी। 7 अक्तूबर, 1979 को 8 वर्ष का एक बालक भयंकर लोहित नदी में गिर पडा और नदी की तेज धारा में बह गया। श्री खांगा मिचिचि ने इस घटना को देखा और वे उफनती हुई नदी में कूद पडे और डूबते हुए बालक के पीछे-पीछे तैरते चले गए। लम्बे समय तक जीवन और मृत्यु संघर्ष करने के बाद उन्होंने उस बालक को पकड़ लिया और अंत में उसे किनारे पर ले आये। उसके बाद उस बालक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे आक्सीजन का उपचार दे कर बचा लिया गया।

श्री खांगा मिचिचि ने अपनी जान की परवाह किए बिना बालक को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

11. नं. 1457600 लांस नायक दर्शन सिंह,
विशेषज्ञ प्रशिक्षण बटालियन (डिपो),
बी ई जी और केन्द्र,
रुड़की।

18 जून, 1979 को उत्तर प्रदेश के आसफनगर गांव में एक बारात आई हुई थी। बारात के साथ आया हुए पप्पू नामक एक लड़का आसफनगर पुल के पास अचानक गंगा नहर में गिर पड़ा और तेज धारा बहने ही वाला था। बारात के साथ आया जग्गू नामक दूसरा लड़का पप्पू को बचाने के लिए नहर में कूद पड़ा किन्तु जब वह डूबते हुए लड़के को खींचने की कोशिश कर रहा था तो पप्पू ने उसको कसकर पकड़ लिया जिससे कि वह कुछ करने में असमर्थ हो गया। इस तरह दोनों को डूबने का बड़ा खतरा हो गया।

उस समय आसफनगर पुल के पास मैदान में मेप रीडिंग की परीक्षा हो रही थी। उन में से एक परिक्षार्थी, लांस नायक दर्शन सिंह, उन दोनों के जीवन को खतरे में देखकर वर्दी सहित तत्काल पानी में कूद पड़े और तेजी से तैर कर उनके पास पहुंच गये। उन्होंने जग्गू को पप्पू की पकड़ से अलग किया और पप्पू को किनारे पर ले आये। प्राथमिक उपचार के बाद पप्पू को बचा लिया गया। इसी दौरान जग्गू भी तैर कर नहर से बाहर सुरक्षित आ गया।

लांस नायक दर्शन सिंह ने अपने प्रत्यक्ष खतरा देखते हुए भी दो जानों को डूबने से बचाने में पहल, साहस और तत्परता का परिचय दिया।

सु. नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 11 अगस्त 1981

सं. ए-46011/10-81-स्थापना-I।---इस विभाग के दिनांक 4 मई, 1981 की अधिसूचना सं. ए-46011/10/81-स्थापना I। के क्रम में दिल्ली स्कूल आफ इकोनामिक्स के प्राध्यापक एस. चक्रवर्ती, बचत के कार्यकारी दल के सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। इसे तत्काल लागू माना जाएगा।

सत्यपाल शर्मा
उप सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 27 अगस्त 1981

विषय: स्व-रोजगार के लिए राष्ट्रीय स्तर संदर्शन समिति की सदस्यता।

सं. एम-12038/1/81-एल.ई.एम.-ई.पी.---योजना आयोग के दि. 8 अप्रैल, 1981 के संकल्प सं. एम-12038/1/81-एल.ई.एम-ई.पी. के पैरा 2 और दि. 22 अप्रैल, 1981 और 12 जून, 1981 की इसी संख्या को अधिसूचनाओं के क्रम में समिति के गठन में निम्नलिखित जोड़े जाएं/संशोधन किए जाएं, अर्थात् :—

(1) क्रम संख्या 20 के बाद निम्नलिखित को क्रम संख्या 21 के रूप में जोड़ा जाए :---

"श्री सी. टी. देवराज,
अध्यक्ष, स्व-रोजगार परिषद्,
पैरामाउंट गार्डन्स,
शालीग्रामम, मद्रास-600093"

(2) समिति के सदस्य-सचिव श्री ए. वी. आर. चार से संबंधित मौजूदा क्रम संख्या 21 को पुनः "22" क्रमांकित किया जाए।

आर. एस. सक्सेना
निदेशक (प्रशासन)

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 जुलाई 1981

संकल्प

सर्वसाधारण की सूचना के लिए यह घोषणा की जाती है कि वर्ष 1981-82 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार अन्य निधियों के अभिदाताओं की 25,000 रुपए तक की कुल जमा रकमों पर ब्याज की दर 9 प्रतिशत (नौ प्रतिशत) तथा 25,000 रुपए से ऊपर की शेष रकमों पर ब्याज की

दर 8.5 प्रतिशत (साढ़े आठ प्रतिशत) वार्षिक होगी। ये दरें पहली अप्रैल, 1981 से आरम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान लागू रहेंगी। सम्बन्धित निधियां निम्नलिखित हैं :—

1. सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं)।
2. राज्य रेलवे भविष्य निधि।
3. अंशदायी भविष्य निधि (भारत)।
4. अंशदायी भविष्य निधि (भारत)।
5. अखिल भारतीय सेवा भविष्य निधि।
6. भारतीय आयुध विभाग भविष्य निधि।
7. रक्षा सेवा अधिकारी भविष्य निधि।
8. सशस्त्र सेना कार्मिक भविष्य निधि।
9. भारतीय आयुध कारखाना कामगार भविष्य निधि।
10. भारतीय नौ सेना गोदी कामगार भविष्य निधि।
11. अन्य विविध भविष्य निधियां।

2. उसके अतिरिक्त, अभिदाताओं को अगर उन्होंने पहली अप्रैल, 1979 से लेकर तीन वर्षों में अपने भविष्य निधि के खाते से कोई रकम नहीं निकाली है तो उनकी सम्पूर्ण शेष रकमों पर एक प्रतिशत की दर से बोनस दिया जाएगा।

आदेश

3. आदेश दिया जाता है कि संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

मंगल दास पाल
निदेशक

इस्पात और खान मंत्रालय

खान विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 23 जुलाई 1981

सं. 12(19)/81-खान-6—इस मंत्रालय के दिनांक 27-10-1978 के संकल्प संख्या 16(6)/77-खान-5/खान-6/एम.एम. में जो भारत के राजपत्र के भाग-I, खंड-1 में 9 दिसंबर, 1978 को प्रकाशित हुआ था, निम्नलिखित संशोधन किए जाएंगे, अर्थात्

"गठन" शीर्षक के अंतर्गत मद "41" को 42 के रूप में पुनः सांख्यांकित किया जाएगा तथा ऐसी पुनः सांख्यांकित मद 42 से पूर्व निम्नलिखित मद जोड़ी जायेगी, अर्थात् :—

"41 जनता के दो सदस्य (इस्पात और खान) मंत्री द्वारा नामित किए जाएंगे।"

ए. के. वेंकटसुब्रमण्यन
निदेशक

पर्यावरण विभाग

नई दिल्ली, 4 अगस्त 1981

संकल्प

विषय : दून घाटी और गंगा और यमुना के निकटवर्ती जल विभाजक क्षेत्रों के लिए बोर्ड का गठन।

सं. 2/19/81-एच.सी.डी./पर्या.—दून घाटी और गंगा और यमुना के निकटवर्ती जल विभाजक क्षेत्रों के लिए एक बोर्ड के गठन का निर्णय किया गया है, ताकि विकासात्मक संवेष्टन (पैकेज) का अध्ययन और समीक्षा की जा सके तथा न्यूनतम पर्यावरणीय अपकर्ष से क्षत विकास के लिए पर्यावरणीय प्रबन्ध हेतु मार्गदर्शक सिद्धान्तों का सुझाव दिया जा सके।

2. बोर्ड के सदस्य निम्नलिखित होंगे :

अध्यक्ष

(1) श्री सी. पी. एन. सिंह,
पर्यावरणीय राज्य मंत्री

सदस्य

(2) डा. एम. एस. स्वामीनाथन,
सदस्य, योजना आयोग

(3) श्री चन्द्र मोहन सिंह नेगी,
पहाड़ी विकास मंत्री,
उ. प्र.

(4) श्री बी. बी. वोहरा,
अध्यक्ष, एन. सी. ई. पी.

(5) श्री त्रिभुवन प्रसाद,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश सरकार,
सचिवालय, लखनऊ

(6) श्री अरुण सिंह,
23 ए, निजामुद्दीन वैस्ट,
नई दिल्ली

(7) श्री गुरदयाल सिंह,
99, सैक्टर 8-ए,
चंडीगढ़

(8) डा. एस. जेड. कासिम,
सचिव,
पर्यावरण विभाग

(9) प्रो. रणजीत सिंह,
उद्यान विज्ञान प्रभाग,
~~भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,~~
पूसा रोड,
नई दिल्ली

(10) श्री एन. डी. जयाल,
संयुक्त सचिव,
पर्यावरण विभाग
सदस्य-सचिव

(11) डा. एस. मुद्गल,
प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी,
डी. एस. टी.

3. अध्यक्ष को यह प्राधिकार होगा कि वह जब जरूरी समझें, अन्य सदस्यों को सहयोजित कर सकते हैं।

4. गैर सरकारी सदस्यों को यात्रा/दैनिक भत्तों का भुगतान, जो नियमानुसार देय होगा, पर्यावरण विभाग द्वारा किया जायेगा।

5. बोर्ड के विचारार्थ विषय इस प्रकार होंगे :—

(क) इस क्षेत्र की प्रस्तावित विकासात्मक संवेष्टन (पैकेज) परियोजनाओं की समीक्षा करना तथा पर्यावरणीय प्रबन्ध हेतु मार्गदर्शक सिद्धांतों को व्यवस्था करना ताकि क्षेत्रीय संसाधनों का इष्टतम प्रयोग किया जा सके

(ख) पर्यावरण के और अधिक अपघटन को रोकने के लिए और/या पर्यावरण में सुधार करने के लिए न्यूनकारी/सुधारात्मक उपायों का निष्पादन करने के लिए प्रभावी कार्यान्वयन तंत्र (प्रणाली) का विकास करना।

6. प्रारम्भ में बोर्ड का कार्यकाल इसके गठन की तारीख से 6 माह के लिए होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रति दून घाटी और गंगा और जमुना के निकटवर्ती जल विभाजन क्षेत्रों के बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य सभी सदस्यों को प्रेषित की जाए । यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जन सामान्य की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एस. जैड. कासिम
सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 20 अगस्त 1981

सं. एफ. 12-8/80डेस्क।।। (खेल)---राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा और खेल संस्थानों की सोसाइटी और इसके शासी निकाय के पुनर्गठन से सम्बन्धित शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय की 1 जून, 1979 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में, शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खेल एवं शारीरिक शिक्षा) श्री एस. सत्यम को श्री एम. राम मूर्ति के स्थान पर एतद्वारा तत्काल से राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा और खेल संस्थानों की सोसायटी और इसके शासी बोर्ड के एक सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है।

शंकर लाल
उप सचिव

समाज कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 अगस्त 1981

संकल्प

सं एफ-1-41/सी.एस.डब्ल्यू.वी.---भारत सरकार केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड साधारण निकाय का तत्काल पुनर्गठन करती है ।

2. कम्पनी के साधारण निकाय में निम्नलिखित सदस्य होंगे :---

अध्यक्ष

1. श्रीमती सुशीला रोहतगी ।

2. राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के प्रतिनिधि ।

1. **राज्य का नाम और प्रतिनिध का नाम**

2. आंध्र प्रदेश--श्रीमती दुर्गा भक्तवत्सल
3. असम--बाद में अधिसूचित किया जाएगा
4. बिहार--श्रीमती शकुन्तला सिन्हा
5. गुजरात--बाद में अधिसूचित किया जाएगा
6. हरियाणा--श्रीमती करतार देवी
7. हिमाचल प्रदेश--श्रीमती चन्द्रेश कुमारी
8. जम्मू और कश्मीर--श्रीमती अकबर जहां बेगम
9. कर्नाटक--श्रीमती आक्टाविया एल्वुकर्क
10. केरल--श्रीमती के. सारदा
11. मध्य प्रदेश--श्रीमती विमला शर्मा
12. महाराष्ट्र--बाद में अधिसूचित किया जायेगा
13. मणिपुर--श्रीमती जयमती देवी कामा
14. मेघालय--श्रीमती वी. डब्ल्यू. इंगति
15. नागालैंड--बाद में अधिसूचित किया जाएगा
16. उड़ीसा--डा. श्रीमती बेलारानी दत्ता
17. पंजाब--श्रीमती रवि जज
18. राजस्थान--प्रो. श्रीमती निर्मला कुमारी शक्तावत
19. सिक्किम--श्रीमती डी. के. भण्डारी
20. तमिलनाडु--श्रीमती नूरजहां रजाक
21. त्रिपुरा--श्रीमती इला भट्टाचार्य
22. उत्तर प्रदेश--श्रीमती प्रेमवती तिवारी
23. पश्चिमी बंगाल--प्रो. कनक मुखर्जी

केन्द्र शासित प्रदेश

24. पांडिचेरी--श्रीमती शांता बाई कुलकर्णी
25. लक्षद्वीप--श्रीमती चंद्रलेखा नायर
26. दादरा और नागर हवेली--बाद में अधिसूचित किया जायेगा

3. **संसद के प्रतिनिधि**

लोक सभा

27. श्रीमती गुरबिन्दर कौर बरार
28. श्रीमती सुशीला गोपालन

राज्य सभा

29. बाद में अधिसूचित किया जायेगा

4. **समाज वैज्ञानिक सामाजिक कार्य शिक्षक), समाज कल्याण प्रशासक एवं प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता**

30. श्रीमती सुप्रीति सान्याल, कलकत्ता
31. श्रीमती नीरा डोगरा, गोहाटी
32. श्रीमती आर. सी. असरानी, नई दिल्ली
33. श्रीमती ललिता नारायण, नई दिल्ली
34. बाद में अधिसूचित किया जायेगा
35. बाद में अधिसूचित किया जायेगा
36. बाद में अधिसूचित किया जायेगा
37. बाद में अधिसूचित किया जायेगा
38. बाद में अधिसूचित किया जायेगा

5. **भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों से प्रतिनिधि**

39. वित्त--श्री जे. ए. कल्याण कृष्णन, वित्त सलाहकार
40. योजना आयोग--श्रीमती पी. पी. त्रिवेदी, सलाहकार (एस. पी.)
41. ग्रामीण पुनर्निर्माण--श्री जी. एल. बेलूर, संयुक्त सचिव
42. शिक्षा--श्री एस. सत्यम, संयुक्त सचिव (स्कूल)
43. समाज कल्याण--श्रीमती निर्मला बुच, संयुक्त सचिव
44. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण--बाद में अधिसूचित किया जाएगा

6. **केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड**

45. कार्यकारी निदेशक—पदेन

3. बोर्ड का कार्यकाल 30 सितम्बर, 1983 तक होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सभी सदस्य।
2. समस्त राज्य सरकारें/केंद्र शासित क्षेत्र प्रशासन
3. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
4. राष्ट्रपति सचिवालय।
5. प्रधानमंत्री का कार्यालय।
6. योजना आयोग।
7. लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय।
8. मंत्रिमंडल सचिवालय।
9. प्रेस सूचना कार्यालय, नई दिल्ली।
10. लेखा परीक्षा निदेशक, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली।
11. कम्पनी कार्य विभाग, नई दिल्ली।
12. क्षेत्रीय निदेशक, कम्पनी, विधि बोर्ड, कानपुर।
13. कम्पनियों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली।
14. कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली।
15. सभी राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए।

निर्मला बुच
संयुक्त सचिव

संचार मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 31 अगस्त 1981

संकल्प

विषय : दूरसंचार सेवा पुनरीक्षण समिति---कार्यकाल बढ़ाया जाना।

सं. ए-42011/3/81-सी. एण्ड पी.---इस मंत्रालय के दिनांक 27 मई, 1981 के संकल्प संख्या ए-42011/3/81-सी. एण्ड पी. के सिलसिले में निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त समिति का कार्यालय 30 नवम्बर, 1981 तक बढ़ा दिया जाए।

सु. कु. घोष, सचिव

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारणकी सूचना के लिए यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

के. थामस कोरा
अपर सचिव

सिंचाई मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 अगस्त 1981

संकल्प

सं. 1(7)/80-पी. पी.---वर्तमान स्थूल मूल्यांकन के अनुसार, देश के अन्ततः सृजनीय कुल सिंचाई क्षमता का अनुमान 113 मिलियन हैक्टेयर लगाया गया है। यह माना जाता है कि कुछ नदियों में उपलब्ध अतिरिक्त जल के संचयन तथा समुपयोजन द्वारा और नदियों को आपस में जोड़कर उस जल का अन्तरण जल की कमी वाले क्षेत्रों में करके इस क्षमता में काफी वृद्धि की जा सकती है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए और ऐसी योजना बनाने के बारे में संसद तथा उसके बाहर निरन्तर की जा रही मांग की पूर्ति के लिए सिंचाई मंत्रालय और केन्द्रीय जल आयोग ने जल संसाधनों के विकास की एक राष्ट्रीय दीर्घकालीन योजना तैयार की है। इस राष्ट्रीय दीर्घ-कालीन योजना के दो मुख्य भाग हैं, अर्थात् (1) हिमालय की नदियों का विकास और (2) प्रायद्वीपीय नदियों का विकास।

2. दीर्घकालीन योजना के प्रायद्वीपीय नदियों के विकास से संबंधित भाग का कार्यान्वयन हम स्वयं कर सकते हैं क्योंकि उस क्षेत्र में बहने वाली नदियां देश के अन्दर ही हैं और इसके लिए पड़ोसी देशों का सहयोग अथवा सहमति अपेक्षित नहीं है। इसलिए संभव संचयन जलाशय स्थलों तथा अन्तर्योजक कड़ियों (लिंक्स) का विस्तृत सर्वेक्षण और अन्वेषण करने और इस प्रस्ताव की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का काम हाथ में लेने का निर्णय किया गया है। विलम्ब से बचने और विभिन्न राज्यों से पूरा सहयोग प्राप्त करने के लिए यह काम केन्द्रीय सरकार द्वारा करवाना आवश्यक समझा गया है। इस प्रयोजन से "राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण" के नाम से एक स्वतंत्र संगठन की स्थापना करने का निर्णय किया गया है। जिसे सोसाइटी पंजीयन अधि-नियम, 1860 के अधीन सोसाइटी के रूप में पंजीयत किया जाएगा और जिसका मुख्यालय दिल्ली में होगा।

3. केन्द्रीय सिंचाई मंत्री इस सोसाइटी के अध्यक्ष और केन्द्रीय सिंचाई राज्य मंत्री इसके उपाध्यक्ष होंगे। योजना आयोग के एक सदस्य, आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश राज्यों के मुख्य मंत्री अथवा सिंचाई के कार्यभारी मंत्री, गोवा, दमन और दीव तथा पांडिचेरी के संघ राज्य क्षेत्रों के उप राज्यपाल/सिंचाई के कार्यभारी मंत्री, केन्द्रीय कृषि (कृषि विभाग), सिंचाई, ऊर्जा (विद्युत विभाग), नागर विमानन वित्त (व्यय विभाग), योजना आयोग तथा पर्यावरण विभागों के सचिव, भारतीय भू-वैज्ञानिक विभाग के महा निदेशक तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक केन्द्रीय जल आयोग के अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड के अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग में "जल संसाधन" और "अभिकल्प तथा अनुसंधान" के कार्यभारी सदस्य, भारतीय मौसम-विज्ञान के महा निदेशक और राष्ट्रीय दूरस्थ संवेदन अभिकरण के निदेशक इस सोसाइटी के संस्थापक सदस्य होंगे। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के महा निदेशक इसके सदस्य सचिव होंगे।

4. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के कार्य निम्नलिखित हैं :—

(क) सिंचाई मंत्रालय और केन्द्रीय जल आयोग द्वारा जल संसाधनों के विकास के लिए तैयार की गई राष्ट्रीय दीर्घकालीन योजना के भाग के रूप में प्राय-द्वीपीय नदियों के विकास के प्रस्तावों की व्यवहार्यता सिद्ध करने के लिए संभव संचयन जलाशयों स्थलों

और अन्तर्योजक कड़ियों का विस्तृत सर्वेक्षण और अन्वेषण करना।

(ख) इस बात का विस्तृत अध्ययन करना कि विभिन्न प्रायद्वीपीय नदी प्रणालियों में जल की ऐसी कितनी अतिरिक्त मात्रा है, जिसे भविष्य में बेसिन राज्यों की युक्तिसंगत मांग को पूरा करने के बाद अन्य बेसिनों/राज्यों को अंतरित किया जा सकता है।

(ग) प्रायद्वीपीय नदियों के विकास से संबंधित स्कीमों के विभिन्न भागों की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना।

(घ) वे सब काम करना जिन्हें अभिकरण उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक, प्रासंगिक, पूरक या सहायक समझे।

उपर्युक्त उद्देश्यों को प्रभावकारी ढंग से पूरा करने के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण का एक शासी निकाय होगा, जिसका गठन इस प्रकार होगा :

अध्यक्ष

1. सचिव, सिंचाई मंत्रालय

सदस्य

2. वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

3. ऊर्जा मंत्रालय (विद्युत विभाग) के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

4. कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) के सचिव का या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

5. नागर विमानन मंत्रालय के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

6. पर्यावरण विभाग के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

7. योजना आयोग के सचिव या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

8. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग।

9. अध्यक्ष, केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड।

10. अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण।

11. सदस्य (जल संसाधन), केन्द्रीय जल आयोग।

12. सदस्य (अभिकल्प और अनुसंधान), केन्द्रीय जल आयोग।

13. भारतीय मौसम-विज्ञान के महानिदेशक या उनका प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से नीचे के स्तर का न हो।

14. सलाहकार (पी. पी.), सिंचाई मंत्रालय।

15. आंध्र प्रदेश के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

16. गुजरात के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

17. कर्नाटक के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

18. मध्य प्रदेश के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

19. महाराष्ट्र के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

20. उड़ीसा के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

21. राजस्थान के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

22. तमिलनाडु के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

23. उत्तर प्रदेश के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

24. केरल के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

25. गोवा, दमन और दीव के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

26. पांडिचेरी के सिंचाई सचिव या उनका प्रतिनिधि जो मुख्य इंजीनियर से नीचे के स्तर का न हो।

सदस्य-सचिव

27. महा निदेशक, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण सदस्य-सचिव को छोड़कर, जो पूर्ण समय के लिए होंगे, अध्यक्ष और अन्य सभी सदस्य अंश-कालिक आधार पर कार्य करेंगे।

6. अभिकरण अपने कार्य संचालन के लिए नियम और विनियम स्वयं बनाएगी।

7. इस अभिकरण पर होने वाले व्यय की पूर्ति सिंचाई मंत्रालय के बजट से की जाएगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों, राष्ट्रपति के निजी तथा सैनिक सचिवों, प्रधान मंत्री कार्यालय, भारत के नियंत्रक तथा महा-लेखा परीक्षक, योजना आयोग और केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को सूचनार्थ भेजा जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए और संबंधित राज्य सरकारों से अनुरोध किया जाए कि वे सार्वजनिक सूचना के लिए इसे राज्यों के राजपत्रों में प्रकाशित करें।

पी. के. आचार्य
सलाहकार

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, tbe 18th September 1981

No. 63-Pres./81.—The President is pleased to approve the award of "Uttam Jeevan Raksha Padak" to the undermentioned person :—

60593 Trainee Shri Tsering Chheompbel (*Posthumous*)
Tibetan New Settlement,
House No. 13, Camp No. 4, Pemagong,
P. O. Bylakuppe.
Karnataka.

